bring back to India Netaji's ashes kept in the Renkoji Temple near Tokyo;

(b) if so, whether the consent of Netaji's wife who is residing in Germany, has been taken for the purpose; and

(c) if the answers to Parts 'a' and 'b' above be in the affirmative, what plans are being drawn up to pay a befitting homage to the great Freedom Fighter?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI PRANAB MUKHERJEE): (a) and (b) No final view has been taken on this matter till now.

(c) A National Committee to celebrate Netaji's birth centenary has been set up. The first meeting of National Committee to commemorate the birth centenary of Netaji Subash Chandra Bose is scheduled to be held under the Chairmanship of the Prime Minister on November 30, 1995.

भितरकणिका अभ्यारण्य (उड़ीसा) में मगरमच्छों द्वारा की जा रही मनुष्यों की हत्याएं

267. **श्री सोमपाल** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 7 अक्तूबर, 1995 के "दि हिन्दुस्तान टाइम्स" में प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया हैं जिसमें उड़ीसा में भितरकणिका अभ्यारण में मगरमच्छों द्वारा मनुष्यों को मारे जाने की सैकड़ो घटनाओं का उल्लेख हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस अभ्यारण्य के आसपास रहने वाले लोगों की जान की सुरक्षा के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहती हैं?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी, हां। तथापि, राज्य वन्यजीव प्राधिकारियों के अनुसार, मनुष्यों की हत्या संबंधी आंकड़े तथ्यों पर आधारित नहीं हैं तथा 1990 और 1995 के बीच मगरमच्छ द्वारा केवल 13 व्यक्तियों के मारे जाने की खबर हैं।

(ख) स्थानीय लोगों को अभ्यारण्य के जल निकायों में प्रवेश न करने के बारे में जानकारी देने के लिए जनजगरूकता कार्यक्रम चलाए गए हैं। सकरी खाड़ी के साथ-साथ और नदी के किनारे साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं जिसमें मगरमच्छ होने की चेतावनी दी गई हैं। किसी व्यक्ति के हताहत हो जाने पर मुआवजा तत्परता से दिया जाता हैं और पिछले 5 वर्षो में मुआवजे के रूप में 1,15,500 रूपए की राशि का भुगतान किया गया।

राज्य में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची

268. **श्री रामजीलाल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या सरकार को प्रत्येक राज्य में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची की जानकारी हैं;

(ख) सरकार उन्हे कब तक टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध करा पायेगी;

(ग) हरियाणा में यह कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा; और

(घ) टेलीफोन कनेक्शन की प्रतीक्षा सूची के निपटान के लिए हिसार के टेलीफोन एक्सचेंज को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज में कब तक बदल दिया जायेगा?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी, हां 31.10.95 की स्थिति के अनुसार, सभी राज्यों की राज्य-वार प्रतीक्षा सूची में विवरण के रूप में सलंग्र हैं। (नीचे देखिए)

(ख) और (ग) 31.3.95 को कुल 21.52 कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची की तुलना में, 1995-96 के दौरान हरियाणा में 64900 कनेक्शनों सहित 29.26 लाख कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य हैं बशर्ते कि उपस्कर तथा अन्य संसाधन उपलब्ध हों। इस प्रकार, इस लक्ष्य से प्रतीक्षा सूची में दर्ज मौजूदा अधिकांश आवेदकों को मार्च, 96 तक कनेक्शन प्रदान कर दिए जाएंगे। राष्ट्रीय दूरसंचार नीति-1994 में हरियाणा सहित पूरे देश में 1997 तक मांग पर टेलीफोन प्रदान करने की परिकल्पना हैं। इस उद्देश्य से, निजी क्षेत्र को भी मूलभूत टेलीफोन सेवा प्रदान करने की अनुमति दी जा रही हैं।